# ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-5 की तैयारियां शुरू

राब्यू, जागरण● लखनऊ : राज्य में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने के लिए ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी)-5 की तैयारियां की जा रही हैं। नवंबर में आयोजित होने वाली जीबीसी को लेकर इन्वेस्ट यूपी ने आठ अक्टूबर को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में सभी संबंधित विभागों की बैठक बुलाई है। जीबीसी के लिए अभी तक करीब 2.5 लाख करोड़ रुपये के प्रस्ताव ही तैयार किए जा सके हैं, जबकि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जीबीसी के लिए पांच लाख करोड़ रुपये के प्रस्तावों को धरातल पर उतारने का लक्ष्य औद्योगिक विकास विभाग को दिया है।

**08** अक्टूबर को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में समीक्षा बैठक

**2.5** लाख करोड़ के प्रस्ताव अभी तक हो सके तैयार

इन्वेस्ट यूपी ने औद्योगिक विकास विभाग के जरिये निवेश सारथी व निवेश मित्र पोर्टलों पर आवेदन व एनओसी की प्रक्रिया को और सरल करके निवेश को धरातल पर उतारने का काम तेज कर दिया है। सबसे बड़ी चुनौती एनओसी को लेकर ही आ रही है। इसके लिए इन्वेस्ट यूपी ने अलग से अधिकारियों की टीमें गठित की हैं। औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने पिछले माह औद्योगिक विकास विभाग व इन्वेस्ट यूपी के अधिकारियों के साथ बैठक में जीबीसी के लिए ज्यादा से ज्यादा प्रस्तावों को तैयार करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद इसी माह मुख्यमंत्री ने जीबीसी-5 को लेकर समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जीबीसी के लिए उन्हीं प्रस्तावों को शामिल किया जाए जिनकी निवेश संबंधी सारी प्रक्रिया पूरी की जा चुकी हो, जिससे जीबीसी वाले दिन एक साथ पूरे राज्य में एक साथ संबंधित निवेश को धरातल पर उतारा जा सके। इसके लिए जिलाधिकारियों को भी तैयार प्रस्तावों की सूची भेजी जा चुकी है।